# उत्तराखंडः पहाड़ से मैदान तक योगमय, मुख्यमंत्री धामी ने योगगुरु बाबा रामदेव के साथ किया योग

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में पहाड़ से लेकर मैदान तक 09 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देवभूमि योगमय हो गई। मुख्यमंत्री ने सुबह पतजंलि योगपीठ में बाबा रामदेव के साथ योगाभ्यास किया तो अन्य स्थानों पर लोगों को प्रशिक्षित योगाचार्यों ने योग का अभ्यास कराया।
बुधवार सुबह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पतंजलि योगपीठ में आयोजित योग शिविर में शामिल हुये। इस दौरान बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के साथ मुख्यमंत्री मंच से सधे अंदाज में योग किया। बाबा रामदेव ने मुख्यमंत्री धामी की प्रशंसा भी की। इस दौरान योगगुरु बाबा रामदेव ने



कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष प्रयासों से आज भारत के योग को पूरे विश्व में अपनाया जा रहा है। जिसका नेतृत्व भारत कर रहा है यह गर्व का विषय है।
अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर खेल निदेशालय की ओर से महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित योग कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्य ने योग किया। इस दौरान जिला खेल कार्यालय छात्रावास के खिलाड़ी और खेल निदेशालय के अधिकारी व स्टाफ कर्मचारियों ने भी योग किया।
खेल एवं युवा कल्याण मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा पहले भी था। लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग की महत्ता बताने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। जिससे आज विश्व में योग की धूम है।
उअंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में चारों धाम- बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, कुमाऊं के 15 मानस खंड मंदिर, हर की पैड़ी हरिद्वार, गंगा रिजॉर्ट, ऋषिकेश एवं 300 आयुष हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों में भी योग के कार्यक्रम हुए। राज्य के गढ़वाल और कुमाऊं मंडल के सभी जिलों में प्रशिक्षित योगाचार्यों ने लोगों को योगाभ्यास कराया। इसके साथ ही योग के फायदे भी बताए।
देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, पिथौरागढ़, नैनीताल, हल्द्वानी, रुद्रपुर, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, रामनगर में लोग शिविरों के साथ ही घरों में भी योगाभ्यास करते नजर आए।
अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर राज्य में मुख्य कार्यक्रम जागेश्वर धाम, अल्मोड़ा व सह कार्यक्रम सूर्य मंदिर, कोसी कटारमल, अल्मोड़ा में आयोजित किया गया।

# राज्यपाल ने कर्मचारियों के साथ किया योगा

**राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि योग से मन, मस्तिष्क स्वस्थ रहते हैं**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजभवन में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि अब योग को विश्व ने स्वीकार किया है।
इस दौरान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि योग से मन, मस्तिष्क और शरीर स्वस्थ रहते हैं। 08 वर्ष पूर्व योग को संयुक्त राष्ट्र की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाए जाने के पश्चात योग विश्व के लगभग हर कोने में अपनाया जाने लगा है। उत्तराखण्ड की योग भूमि ने पूरी दुनिया को



योग का संदेश दिया है। प्रत्येक व्यक्ति को योग अपने नित्य दिनचर्या में अपनाना चाहिए। योग हमारी सोच, हमारे विचार और क्रिया में सकारात्मक बदलाव लाता है। उन्होंने कहा कि भारत में युगों-युगों से ह्लवसुधैव कुटुम्बकमह्ल के मंत्र का पालन किया जाता रहा है, जिसे आज विश्व भर में योग को स्वीकार कर लिया गया है, हम सब एक-दूसरे के आरोग्य की कामना कर रहे हैं। योग के माध्यम से भारत ने पूरे विश्व को एकता का संदेश दिया है। राज्यपाल ने कहा कि कोरोना महामारी ने हमें सबक सिखाया है कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए योग एवं प्राणायाम को प्राथमिकता देनी चाहिए।

## चोरी की योजना बना रहे 03 शातिर दबोचे

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गंगा घाटों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और भीड़ भाड़ वाले इलाकों में श्रद्धालुओं की जेब काट कर चोरी करने वालों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने विष्णुघाट से 03 आरोपितों को चोरी की योजना बनाते हुए 03 ब्लेड कटर के साथ गिरफ्तार किया।
पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम अनार निवासी मीरगज बरेली हाल झुग्गी झोपड़ी रोडीवेलवाला कोतवाली नगर हरिद्वार, घोलू निवासी सपेरा बस्ती घुग्गी झोपडी चण्डीघाट कोतवाली नगर हरिद्वार और विशाल निवासी म.न. 436 गली नं. 10 फोकल प्वाइंट मोतीनगर लुधियाना, पंजाब बताए। पुलिस ने भी सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

# योग शारीरिक प्रक्रिया नहीं, मन, आत्मा और परमात्मा का विषय : तारकेश्वरानन्द

**इस अवसर पर त्रेतानन्द, महात्मा पुष्पा बाई, संगीता बाई तथा आश्रम के सेवादारों सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में श्री प्रेमनगर आश्रम में सतपाल महाराज के शिष्य, महात्मा तारकेश्वरानन्द की अध्यक्षता में योग शिविर हुआ। इसमें सैकड़ों लोगों ने योग प्रशिक्षक सरोज कुमार और राजेंद्र सिंह के निर्देशन में योगाभ्यास किया। योगाभ्यास के उपरान्त तारकेश्वरानन्द ने योग के महत्व को समझाते हुए कहा कि योग सिर्फ शरीर और श्वांस



की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि योग मन, आत्मा तथा परमात्मा का विषय है। पतंजलि ऋषि के अनुसार चित्त-वृत्ति का निरोध ही योग है। अर्थात अपने चित्त के सभी विचारों को रोककर मन को प्रभु के नाम, रूप और शब्द में जोड़ना ही योग है।
ऋषि पतंजलि ने योग के आठ अंग बताए हैं यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। इन आठों अंग का एक दूसरे से सम्बन्ध है। समाधि में जाकर ही आत्मा का परमात्मा से योग अथवा मिलन होता है, लेकिन समाधि में जाने का मार्ग है ध्यान। ध्यान कहां और किसमें तथा कैसे लगाना है, इसका ज्ञान तत्वदर्शी गुरु देते हैं। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को ही स्वस्थ नहीं रखता, बल्कि यह हमारे मन व चित्त को भी स्वस्थ रखता है। इस अवसर पर त्रेतानन्द, महात्मा पुष्पा बाई, संगीता बाई तथा आश्रम के सेवादारों सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गंगोत्री-यमुनोत्री धाम समेत जिले भर में आमजन ने किया योग, फिट रहने का दिया संदेश

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
जिले भर में नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के साथ ही गंगा ग्रामों,नमामि गंगे स्नान घाटों व जनपद मुख्यालय पर केदारघाट एवं कीर्ति इंटर कालेज परिसर में स्थानीय नागरिकों,अधिकारियों एवं कर्मचारियों,आईटीबीपी व मीडिया कर्मियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने नौवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कीर्ति इंटर कालेज परिसर एवं केदारघाट में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया औ? योगाभ्यास किया। जिले भर में आयोजित कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम """वन वल्ड, वन हेल्थ"""" (वसुधैव कुटुम्बकम) की परंपरा का अनुश्रवण किया गया। तथा विभिन्न स्थानों पर आयोजित योग कार्यक्रम में लोगों द्वारा योगाभ्यास किया गया।
जिलाधिकारी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की जनपदवासियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए योग को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को उत्साह के साथ प्रतिदिन योग करना चाहिए। योग के माध्यम से शरीर को अनेक लाभ मिलते है। कहा कि दैनिक जीवन में योग को महत्व देने से जीवन अनुशासित रहने के साथ मन शांत रहता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने विशेषकर युवाओं से आवाह्न करते हुए योग को अपने जीवन में आत्मसात करने एवं नित्य प्रतिदिन योगाभ्यास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग करने से जहां शारीरिक स्वास्थ्य में लाभ मिलेगा वहीं मानसिक संतुलन भी अच्छा रहेगा। साथ ही स्वस्थ जीवन बिताने के लिए योग आवश्यक है,इसलिए योग जरूर करें। इस दौरान जागेश्वर धाम से माननीय मुख्यमंत्री जी के संबोधन को सीधे प्रसारण के माध्यम से देखा व सुना गया।
केदारघाट में आयोजित योग कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक एडवोकेट अभयराज सिंह बिष्ट एवं कीर्ति इंटर कालेज में योग प्रशिक्षक कृष्णानंद विजलवाण द्वारा योगाभ्यास कराया गया।
इस दौरान योगाभ्यास में वरिष्ठ भाजपा नेता विजयपाल मखलोगा,एडीएम तीर्थपाल सिंह,प्रशिक्षु आईएएस अनामिका,पीडी रमेशचंद्र, एसडीएम चतर सिंह चौहान,मीनाक्षी पटवाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी जेएन काला,आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल,सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश मोहन राणा सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### गंगोत्री-यमुनोत्री धाम समेत जिले भर में आमजन ने किया योग, फिट रहने का दिया संदेश

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
जिले भर में नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के साथ ही गंगा ग्रामों,नमामि गंगे स्नान घाटों व जनपद मुख्यालय पर केदारघाट एवं कीर्ति इंटर कालेज परिसर में स्थानीय नागरिकों,अधिकारियों एवं कर्मचारियों,आईटीबीपी व मीडिया कर्मियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने नौवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कीर्ति इंटर कालेज परिसर एवं केदारघाट में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया औ? योगाभ्यास किया। जिले भर में आयोजित कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम """वन वल्ड, वन हेल्थ"""" (वसुधैव कुटुम्बकम) की परंपरा का अनुश्रवण किया गया। तथा विभिन्न स्थानों पर आयोजित योग कार्यक्रम में लोगों द्वारा योगाभ्यास किया गया।
जिलाधिकारी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की जनपदवासियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए योग को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को उत्साह के साथ प्रतिदिन योग करना चाहिए। योग के माध्यम से शरीर को अनेक लाभ मिलते है। कहा कि दैनिक जीवन में योग को महत्व देने से जीवन अनुशासित रहने के साथ मन शांत रहता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने विशेषकर युवाओं से आवाह्न करते हुए योग को अपने जीवन में आत्मसात करने एवं नित्य प्रतिदिन योगाभ्यास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि योग करने से जहां शारीरिक स्वास्थ्य में लाभ मिलेगा वहीं मानसिक संतुलन भी अच्छा रहेगा। साथ ही स्वस्थ जीवन बिताने के लिए योग आवश्यक है,इसलिए योग जरूर करें। इस दौरान जागेश्वर धाम से माननीय मुख्यमंत्री जी के संबोधन को सीधे प्रसारण के माध्यम से देखा व सुना गया।

# योग का मंतव्य वसुधैव कुटुंबकम है : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने विधानसभा भवन, देहरादून में विधानसभा के अधिकारियों और कर्मचारियों के संग योगाभ्यास किया। इस वर्ष ह्लवसुधैव कुटुंबकम के लिए योग'ह्ल थीम को अपनाते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने विभिन्न आसनों के साथ योगाभ्यास किया।
इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु ने कहा कि योग, मन, शरीर और आत्मा के संगठन का एक अद्वितीय और प्राकृतिक तरीका है। यह हमें स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन की ओर ले जाता है। योग का महत्व और लाभ आजकल दुनिया भर में मान्यता प्राप्त कर रहे हैं और इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी मान्यता दी है। उन्होंने कहा की योग शरीर, मन और आत्मा को संयोजित करने का एक शानदार माध्यम है। इसके माध्यम से हम अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं, मानसिक तनाव को कम कर सकते हैं और अपनी आत्मा को शांति और स्थिरता की ओर ले जा सकते हैं। योग आपकी सामरिक, मानसिक और आध्यात्मिक प्रगति में मदद करता है और आपको अपने दैनिक जीवन में सुख और सफलता का अनुभव करने में सहायता प्रदान करता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा की योग का अभ्यास करने से हम अपने अंतःकरण को शुद्ध करते हैं और सकारात्मकता, संयम, तत्परता और ध्यान के गुणों का विकास करते हैं। इसके अलावा, योग स्वास्थ्य सुधार, ताकत और धैर्य को बढ़ाने में मदद करता है, जिससे हम अपने कार्यक्षमता को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण मानवता को भारतीय संस्कृति के इस अनमोल उपहार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने प्रयासों से वैश्विक स्वीकृति प्रदान करवाई है।
योगाचार्या दयाशंकर ने योग के महत्व को जागृत करने के लिए योग के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने विधानसभा कर्मियों को योग के माध्यम से जीवन की गुणवत्ता को सुधारने और शरीर, मन, और आत्मा के साथ संतुलन स्थापित करने के गुण सिखाए।

## बिड़ला स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर किए गए आसन और प्राणायाम

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
आर्यमान विक्रम बिड़ला स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। पूनम डसीला और गिरीश काराकोटी के कुशल निर्देशन में योगार्थियों ने त्रिकोणासन, पर्वतासन, पवनमुक्तासन, भुजंगासन, ताड़ासन, वृक्षासन आदि आसन और प्राणायाम किए।
उप प्रधानाचार्य बीजो थॉमस ने अंतरराष्ट्रीय योग की थीम वसुधैव कुटुंबकम समझाते हुए योग की आज के समय में निरंतर बढ़ती जा रही उपयोगिता और इसके शारीरिक, मानसिक व आत्मिक महत्व पर प्रकाश डाला।

# बद्रीनाथ मंदिर प्रांगण व गांव माणा में योगाभ्यास

**श्री बदरीनाथ धाम सिंह द्वार के परिसर में प्रातः सात बजे से योग दिवस का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ**

**बदरीनाथ/टीम एक्शन इंडिया**
श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के सहयोग से जिला आयुष और आयुष शिक्षा विभाग ने श्री बदरीनाथ धाम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया।
श्री बदरीनाथ धाम सिंह द्वार के परिसर में प्रातः सात बजे से योग दिवस का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विशेषज्ञों ने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। योग गुरु रवींद्र बर्थवाल ने एक घंटे तक योग प्रणाली के अंतर्गत आसन,



प्राणायाम, ध्यान का अभ्यास कराया।
योगाभ्यास कार्यक्रम में बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, अपर जिलाधिकारी अभिषेक त्रिपाठी, मंदिर समिति के प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी, सहायक अभियंता गिरीश देवली, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, डा. एसके रतूड़ी, डा हरीश गौड़, डा. टीएस रावत, कोतवाल केसी भट्ट सहित आयुष विभाग, मंदिर समिति, पुलिस-एसडीआरएफ, होमगार्ड, नगर पंचायत तीर्थ पुरोहितगण तथा देश विदेश के तीर्थयात्रियों ने योगाभ्यास किया।

# गणेश जोशी ने गोवा में किया योग, बोले-दिनचर्या में शामिल करें

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अपने तीन दिवसीय गोवा दौरे के दौरान बुधवार को गोवा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम में शामिल हुए और योग किया। इस दौरान मंत्री ने स्वस्थ जीवन के लिए सभी से अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करने का आग्रह किया।
कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी का विशेष आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने यूएनओ में योग को विश्व स्तर पर मनाने और इसे विश्व योग दिवस का दर्जा दिलाने में अहम



भूमिका निभाई।
मंत्री जोशी ने कहा कि योग से मन के साथ ही शरीर स्वस्थ रहता है। योग से असाध्य रोग भी दूर होते हैं, इसलिए सभी को योग करना चाहिए। योग भारत में प्राचीन काल से किया जाता है। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए सभी से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की और दूसरों को भी योग करने के लिए प्रेरित करने का आग्रह भी किया।
इस मौके पर गोवा मंडी बोर्ड के अध्यक्ष प्रकाश विलीय, कौसम्ब के उपाध्यक्ष और हरियाणा मंडी के अध्यक्ष आदित्य चोटाला, कौसम्ब के उपाध्यक्ष और पंजाब मंडी के अध्यक्ष हरचंद सिंह बरसत, कौसम्ब के प्रबंध निदेशक डॉ जेएस यादव, उत्तराखंड मंडी से महाप्रबंधक निर्मला बिष्ट, विजय कुमार, देहरादून मंडी समिति के सचिव विजय थपलियाल आदि उपस्थित रहे।

# स्मृति वन ऋषिकेश में हुआ योगाभ्यास और पौधरोपण कार्यक्रम

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस पर पण्डित ललित मोहन शर्मा श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्व विद्यालय परिसर, ऋषिकेश के नमामि गंगे प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं जिला गंगा सुरक्षा समिति देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर स्मृति वन ऋषिकेश में कार्यशाला और योगाभ्यास का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर रक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के प्रान्त पर्यावरण प्रमुख एवं जिला गंगा सुरक्षा समिति के सदस्य विनोद जुगलान ने कहा कि भारत में योग विद्या उतनी ही पुरानी है जितनी हमारी संस्कृति। हमारे सर्वाधिक पुरातन



ऋग्वेद से लेकर धर्म ग्रंथ गीता में 'योगः कर्मसु कौशलम' का जिक्र मिलता है। तीर्थ और योग नगरी ऋषिकेश ने हमें कई विश्व विख्यात योग गुरु दिए जिनमें स्वामी राम धीरेंद्र ब्रह्मचारी के कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता है। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी एवं नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ. अशोक कुमार मेंदोला ने कार्यशाला में कहा योग से शरीर के साथ-साथ आपका मानसिक स्वास्थ्य भी सही रहता है। योग, प्राचीन भारत से उत्पन्न केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है बल्कि एक समग्र अभ्यास है। इसकी मदद से हम मन और आत्मा को शांति की ओर ले जा सकते हैं। योग आंतरिक शांति और व्यक्तिगत विकास का मार्ग प्रदान करता है। भारत में ऋषि-मुनि भी खुद को फिट रखने के लिए योग का सहारा लेते थे। योग के कई दूरगामी लाभ हैं।
नियमित योग अभ्यास से शारीरिक शक्ति, लचीलापन और संतुलन में सुधार होता है। साथ ही समग्र स्वास्थ्य को भी बढ़ावा मिलता है। योग मानसिक स्पष्टता को बढ़ाता है, तनाव कम करता है और जीवन की चुनौतियों के बीच आंतरिक शांति की भावना पैदा करता है और दूसरों के साथ हमारे संबंधों को पोषण देता है। इसलिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 की थीम 'योग फॉर वसुधैव कुटुम्बकम' रखा है।
श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.एनके जोशी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी को बधाई देते हुए अपने संदेश में कहा की जहां बड़े-बड़े विकसित राष्ट्रों की सामाजिक एवं आर्थिक व्यवस्थाओं में पतन की स्थिति दृष्टिगोचर होती है तो वहीं भारतीय संस्कृति अपने जीवन मूल्यों के आधार पर पुनर्जीवन प्रदान कर रही है। भारतीय संस्कृति विश्व की सर्वाधिक प्राचीन संस्कृतियों में से एक समृद्ध संस्कृति है।

# बीएचईएल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
समूचे देश और विश्व के साथ-साथ बीएचईएल में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में बीएचईएल योग मंडल ने उपनगरी स्थित स्वर्ण जयंती पार्क में एक विशेष योग प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (प्रभारी) सीएफएफपी विवेक कुमार रायजादा थे।
विवेक कुमार रायजादा ने योग से होने वाले अनेक लाभों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि योग हजारों वर्ष पूर्व हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा अपनाई गई जीवन पद्धति है, जिससे वे अपने शरीर को स्वस्थ रखते थे। साथ ही श्री रायजादा ने सभी से योगासन एवं प्रणायाम को



अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। कार्यक्रम को बीएचईएल योग मंडल के अध्यक्ष श्री एस. के. सोमानी ने भी सम्बोधित किया और सभी को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक एलएस रावत ने अनेक आसनों एवं प्राणायामों का विधिवत अभ्यास कराया । प्रतिभागियों ने भी बड़ी लगन एवं उत्साह के साथ मर्झर, त्रिपाद, उष्ट्र, शशांक, मंडूक आदि आसनों एवं कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी सहित विभिन्न प्राणायामों आदि का अभ्यास किया। इस अवसर पर बीएचईएल योग मंडल के सचिव जेबी सिंह सहित अनेक महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिजन आदि उपस्थित थे।

# साहस और शौर्य की अमूल्य खान है भारतीय सैन्य अकादमी : ठकराल

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए तथा आईसीसी) की विलक्षणता राष्ट्रीय नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिनाम है। इस अकादमी से निकलने वाले सैन्य अधिकारी देश की रक्षा में सतत प्रयासरत रहते हैं। इस बारे में बुधवार को भारतीय सैन्य अकादमी की दी गई जानकारी के अनुसार अकादमी के जैंटेलमेन कैडेट्स का शौर्य और पराक्रम निरंतर चचाओं का कारण बनता है। यह शौर्य अन्य संस्थानों में इस तरह नहीं दिखता।
अकादमी के 50 वर्ष पूरे होने पर अकादमी की जनसम्पर्क अधिकारी ने अकादमी के शौर्य के बारे में बताया कि यह 1973 की गर्मियों की बात है, जब तीन सौ से अधिक युवाओं का एक बैंड भारतीय सैन्य अकादमी , देहरादून के पवित्र पोर्टल से होकर गुजरा, जिसके कंधे पर सितारे थे और हमारे राष्ट्र, भारत की संप्रभुता की रक्षा करने का मौका था। पांच दशकों से अधिक की एक उतार-चढ़ाव भरी और साहसिक जीवन यात्रा के ठीक बाद, 51 रेगुलर और 35 टेक के लड़कों का बैंड आईएमए में 19-21 जून 2023 को इकट्ठा हुआ। इस बार अपने जीवनसाथी के साथ, बुद्धिमान दिग्गजों के रूप में उस स्थान पर अपना सम्मान देने के लिए जो उन्हें युवा पुरुषों से कठोर सैनिकों में बदल दिया था, वे वरिष्ठ भी मौजूद थे। उनके लिए यह लंबी यात्रा कठिन, साहसिक, फलदायी, संतोषजनक, घटनापूर्ण और विनम्र अनुभव रही है।



पाठ्यक्रम की भावना को कायम रखते हुए, समारोह की शुरूआत उनके दिवंगत साथियों को याद करने और श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। कमांडेंट, आईएमए, लेफ्टिनेंट जनरल वीके मिश्रा, पीवीएसएम, एवीएसएम, द्वारा किया गया जोरदार स्वागत इस बात की याद दिलाता है कि पालना उन लोगों को कभी नहीं भूलता है जिन्होंने यहां से शिक्षा ग्रहण की और जीवन और बाद में इसके राजदूत बने। बुधवार को हुई कार्यक्रम में शहीद हुए वीरों की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित की गई।
इन अधिकारियों ने देश के सभी हिस्सों में सेवा की है और कई ने विदेशों में भी काम किया है। इस कोर्स ने एक लेफ्टिनेंट गवर्नर और तीन सेना कमांडर भी तैयार किए हैं।
पाठ्यक्रम के अधिकारियों ने अपनी सेवा के दौरान विभिन्न रैंकों पर कई कमांड और स्टाफ असाइनमेंट किए हैं, जिसमें संरचनाओं की कमान और प्रमुख सेना प्रशिक्षण संस्थान शामिल हैं।

# कांग्रेस ने बेलड़ा गांव की घटना की निंदा

**कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय की मांग करते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस ने हरिद्वार जनपद के रुड़की ब्लाक के अन्तर्गत बेलड़ा गांव में अनुसूचित जाति परिवार के साथ घटी घटना की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय की मांग करते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा की अध्यक्षता में हुई बैठक में कांग्रेस नेताओं ने बेलड़ा गांव में दलित परिवार के साथ घटी घटना को निन्दनीय बताया। सरकार से मांग की कि बेलडा गांव की घटना की उच्च स्तरीय जांच करवाते हुए दोषियों के खिलाफ धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।
कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है और राज्य में जंगल राज कायम हो गया है। राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में माफिया का बोलबाला हो रहा है। जब से भाजपा सरकार राज्य में सत्तासीन हुई है तब से पूरे प्रदेश में अनुसूचित जाति वर्ग के साथ अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है।
कांग्रेस नेताओं ने पुलिस प्रशासन से बेलड़ा गांव की घटना की न्यायिक जांच कराते हुए महिलाओं, बच्चों के साथ मारपीट करने वाले दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई किये जाने और राज्य सरकार से मृतक के पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।
कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जिन निर्दोष लोगों को गिरफ्तार किया गया है उन्हें बाइज्जत बरी किया जाना चाहिए।
बैठक में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य,पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, विधायक मनोज तिवारी,विधायक फुरकान अहमद,विधायक विरेन्द्र जाति,अनुपमा रावत,प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन प्रशासन मथुरादत्त जोशी, सलाहकार अमरजीत सिंह,रुड़की महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र चौधरी,अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष दर्शन लाल,सीपी सिंह, जिलाध्यक्ष हरिद्वार राजीव चौधरी, कार्यकारी महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग, मुरली मनोहर, कुन्ना राम आर्य मौजूद थे।

## बीएड और पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
कुमाऊँ विश्वविद्यालय ने इस वर्ष की बीएड व पीएचडी की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित कर दिए हैं।
कुलसचिव दिनेश चंद्रा ने बताया कि आगामी 30 जुलाई को प्रस्तावित बीएड प्रवेश परीक्षा हेतु विवि की वेबसाइट केयूनैनीताल डॉट एसी डॉट इन के माध्यम से आवेदन शुल्क 1310 रुपए जमा कर 22 जून से 20 जुलाई तक आवेदन किए जा सकते हैं। वहीं 23 जुलाई 2023 को प्रस्तावित पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए 2150 रुपए शुल्क जमा कर 22 जून से 12 जुलाई तक आवेदन किए जा सकते हैं।

# शांतिकुंज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

**योग केवल तन और मन को पुष्ट ही नहीं करता है। वरन यह मानसिक-आध्यात्मिक विकास के लिए प्रगति के द्वार भी खोलता है**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में नौवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम शुभारंभ देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति शरद पारधी, शिवप्रसाद मिश्र और वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया।
प्रतिकुलपति शरद पारधी ने योग केवल तन और मन को पुष्ट ही नहीं करता है। वरन यह हमारी मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए प्रगति के द्वार भी खोलता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन में योग विशेषज्ञ एवं प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि योग से न केवल शरीर के अंगों बल्कि मन, मस्तिष्क और आत्मा में संतुलन बनाया जाता है। यही कारण है कि योग से शारीरिक व्याधियों के अलावा मानसिक समस्याओं से भी निजात पाया जा सकता है। इससे पूर्व संगीत विभाग के भाइयों ने गीतों से उपस्थित साधकों, योगाचार्यों के तन मन को योग के मानसिक रूप से तैयार किया फिर देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के उच्च प्रशिक्षित योगाचार्यों ने भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्सास कराया। शांतिकुंज मीडिया सेल के अनुसार देवसंस्कृति विश्वविद्यालय एवं शांतिकुंज परिवार के योगाचार्यों ने उत्तराखण्ड सहित कई राज्यों के सामूदायिक भवनों, गायत्री शक्तिपीठों, जोन संगठन कार्यालय, उपजोनों में योगाभ्यास कराया। अमेरिका में प्रो. विश्वप्रकाश त्रिपाठी, सिंगापुर में प्रो. अभय सक्सेना-ब्रजमोहन महतो, कनाडा में ओंकार पाटीदार-संतोष सिंह, न्यूजीलैण्ड में शांतिभाई पटेल आदि सहित देसंविवि व शांतिकुंज से प्रशिक्षित योगाचार्यों ने अनेक देशों में योगाभ्यास कराया।



शांतिकुंज विदेश विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वाशिंगटन में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित तीन सौ से अधिक गायत्री परिवार के कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### शहर की गतिशीलता में सुरक्षित, समावेशी और सतत नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 9 मिलियन डॉलर ग्लोबल सिटी चैलेंज की शुरूआत

**देहरादून।** टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन ने चैलेंज वर्क्स और वर्ल्ड रिसोर्सेस इंस्टीट्यूट के साथ साझेदारी में 9 मिलियन डॉलर ग्लोबल सिटी चौलेंज की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य दुनिया भर में लाखों लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने की क्षमता के साथ शहरों को भविष्य के अनुकूल बनाने में मदद करना है। जैसे-जैसे शहरों का विकास होता है, लोगों और सामानों के विश्वसनीय, कुशल और समावेशी तरीकों से एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचने की चुनौतियाँ भी कम होती जाती हैं। इसके साथ ही, ट्रांसपोर्ट मोड्स, इंफ्रास्ट्रक्चर डिजाइन, संचालन, ऊर्जा विकल्प और कनेक्टेड डेटा सिस्टम्स में नवाचार अपनाने के अवसरों को भी गति मिलती है। सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज का उद्देश्य नौकरियों, शिक्षा और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुँच को न सिर्फ आसान बनाना है, बल्कि इसे बढ़ावा देकर लोगों के जीवन में सुधार भी करना है।

### आईसीआरआई और डीआईटी विश्वविद्यालय सीखने की सीमा को विस्तारित करने के लिए शुरू की नई पेशकश

**देहरादून।** क्लिनिकल रिसर्च के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध संस्थान, आईसीआरआई, और देहरादून के एक प्रमुख शैक्षिक संस्थान, डीआईटी विश्वविद्यालय,ने साथ मिलकर छात्रों को क्लिनिकल रिसर्च में सीखने की सीमा का विस्तार और विशेषकृत कार्यक्रम प्रदान करने का उद्देश्य रखा है। पेश किए गए पाठ्यक्रम में एमएससी और डॉक्टरी पाठ्यक्रम शामिल हैं, जो छात्रों को इस दशक के सबसे बेहतरीन इंडस्ट्रीज में एक संतोषजनक करियर को बनाने के लिए सुविधा प्रदान करते हैं। निजी बाजार मैं हुए कंपनियों पर शोध के अनुसार, वैश्विक क्लिनिकल रिसर्च बाजार की मूल्यांकन के अनुसार प्लस40-50 अरब के लगभग है। इस बढ़ते हुए क्षेत्र की मांग को पूरा करने के लिए, अनुमानित रूप से अगले पांच वर्षों में लगभग 50,000 क्लिनिकल रिसर्च पेशेवरों की आवश्यकता होगी। क्लिनिकल रिसर्च नई दवाओं के विकास और लॉन्च में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे यह फार्मास्यूटिकल उद्योग का अविभाज्य हिस्सा बना हुआ है।

### बॉडीकेयर किड्स ने नए और आकर्षक रंगों में पेश किया नया समर कलेक्शन

**देहरादून।** बॉडीकेयर इंटरनेशनल लिमिटेड के किड्सवियर ब्रैंड बॉडीकेयर किड्स के नये समर कलेक्शन का इंतजार खत्म हो गया है और अब यह कलेक्शन ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। यह कलेक्शन चमक-धमक, आकर्षण और मन की खुशी जैसे गर्मी के कुछ अनूठे अहसासों से प्रेरित है। स्टाइल और उत्साह के साथ अब यह खुशियों और मौज-मस्ती से सराबोर करने को भी तैयार है। इस कलेक्शन से बच्चों को गर्मी के मौसम की मनपसंद वार्डरोब मिल सकेगी। कंपनी के पुराने कलेक्शंस से एकदम अलग, यह नया समर कलेक्शन और भी ज्यादा रंगों की चॉइस लेकर आया है, जिसमें कैरेक्टर प्रिंट्स और नए डिजाइंस भी शामिल हैं। शबॉडीकेयर किड्सश की यह कलेक्शन 450 से अधिक डिट्रिब्यूटर, 19,000 से अधिक रिटेल स्टोर्स और 20प्लस एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट्स (ईबीओ) पर उपलब्ध है।
इस कलेक्शन में अनेक प्रिंट्स वाली रंग-बिरंगी टी-शर्ट्स की बड़ी रेंज पेश की गई है और कैरेक्टर प्रिंट्स इन्हें आकर्षक बनाते हैं।

### आईसीआरआई और डीआईटी विश्वविद्यालय सीखने की सीमा को विस्तारित करने के लिए शुरू की नई पेशकश

देहरादून। क्लिनिकल रिसर्च के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध संस्थान, आईसीआरआई, और देहरादून के एक प्रमुख शैक्षिक संस्थान, डीआईटी विश्वविद्यालय,ने साथ मिलकर छात्रों को क्लिनिकल रिसर्च में सीखने की सीमा का विस्तार और विशेषकृत कार्यक्रम प्रदान करने का उद्देश्य रखा है। पेश किए गए पाठ्यक्रम में एमएससी और डॉक्टरी पाठ्यक्रम शामिल हैं, जो छात्रों को इस दशक के सबसे बेहतरीन इंडस्ट्रीज में एक संतोषजनक करियर को बनाने के लिए सुविधा प्रदान करते हैं। निजी बाजार मैं हुए कंपनियों पर शोध के अनुसार, वैश्विक क्लिनिकल रिसर्च बाजार की मूल्यांकन के अनुसार प्लस40-50 अरब के लगभग है। इस बढ़ते हुए क्षेत्र की मांग को पूरा करने के लिए, अनुमानित रूप से अगले पांच वर्षों में लगभग 50,000 क्लिनिकल रिसर्च पेशेवरों की आवश्यकता होगी। क्लिनिकल रिसर्च नई दवाओं के विकास और लॉन्च में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे यह फार्मास्यूटिकल उद्योग का अविभाज्य हिस्सा बना हुआ है।

# कांग्रेस ने केदारनाथ मंदिर में सोने का रंग बदलने पर सरकार और बीकेटेसी को घेरा, एसआईटी की मांग



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस ने केदारनाथ मंदिर के दीवारों पर स्वर्णजड़ित होने के बाद रंग छोड़ने और तांबा-पीतल दिखने की शंका पर बीकेटीसी से सवाल करते हुए सरकार से एसआईटी बैठाकर जांच की मांग की। कांग्रेस का साफ कहना है कि सरकार 230 किलो के सोने के प्रचार के बाद अब 23 किलो की सोने की बात कह रही है। यह गंभीर मामला है।
कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, केदारनाथ के पूर्व विधायक मनोज रावत की उपस्थित में पत्रकार वार्ता में केदारनाथ धाम के गर्भगृह की दीवारों पर लगाई गईं सोने की परतों को लेकर सरकार पर हमला बोला।इस दौरान गणेश गोदियाल ने कहा कि, "जब मैं बदरी-केदार मंदिर का अध्यक्ष था तो उस समय भी सोने का दान में देने की एक बड़े व्यक्ति ने बात कही थी और उसके कहने पर में मुम्बई गया और उससे वार्ता की"। "जब सोने की वजन और उसकी गुणवत्ता की बात की तो उन्होंने उनका अपमान कर बाहर जाने को कहा और हम वहां से आ आए। वार्ता के दौरान उन्होंने एक बात कही थी कि हजारों किलो सोना सोमनाथ मंदिर में दे दिया"। उसी व्यक्ति ने सोना केदारनाथ में दान दिया है। गोदियाल ने कहा कि सोमनाथ मंदिर में एक व्यक्ति ने आरटीआई लगा कर सोने का दान करने वाले दानदाता का नाम मांगा तो वहां से जवाब आया कि इसका जवाब देना उचित नहीं है। गणेश गोदियाल ने कहा कि मंदिर समिति ने पहले इस सोने को 230 किलो का सोना बताया था, जिसे अब 23 किलो बताया जा रहा है बाकी सोना कहां गया? मंदिर समिति ने उसका खंडन क्यों नहीं किया। मंदिर समिति ने अपने स्टाक रजिस्टर में इस सोने की एंट्री की है। जबकि मंदिर समिति के अध्यक्ष का कहना है कि दानदाता ने अपने आप ही सोना लगाया। बिना जांच के समिति रजिस्टर में क्यों इसकी एंट्री की गई। इसके अलावा पुरातत्व विभाग के अधिकारी भी जनता के सामने आए जिनकी भी भूमिका इस सोने को लगाने में है।

## मानसून को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम ने दिए निर्देश

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी में प्री मानसून के साथ ही प्रशासन मानसून की तैयारियों में जुट गया है। जिलाधिकारी ने सभी लैंडस्लाइड जोन और संवेदनशील स्थानों पर जेसीबी और पोकलैंड पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।
जिलाधिकारी वंदना सिंह ने मानसून की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को 24 घण्टे अलर्ट पर रहने को कहा है।उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ चैकियां स्थापित किए जाने से लेकर सभी डेंजर प्वाइंट और भूस्खलन वाले स्थानों को चिन्हित कर सरकारी मशीनरी को समय पर पहुंचा दिया गया हैं। साथ ही जिन इलाकों से संपर्क टूटता है वहां खाद्यान्न और रसद भी समय पर पहुंचाने के निर्देश दे दिए गए हैं।

# मोबाइल टावरों से केबल चोरी करने वाले गिरफ्तार

**पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी के तार का बंडल बरामद किया है**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
मोबाइल टावरों से कॉपर के तार चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी के तार का बंडल बरामद किया है।
रानीपुर कोतवाली पुलिस ने एयरटेल, आइडिया के टावर से कॉपर केबल तार चोरी करते हुए बुधवार को दो आरोपितों को रंगेहाथों दबोच लिया। पुलिस ने आरोपितों के पास से 01 बंडल कॉपर केबल तार बरामद किया।



पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम अंकित और रोहित निवासीगण सलेमपुर थाना रानीपुर हरिद्वार बताए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

# प्रधानमंत्री मोदी का नौ साल का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है: भट्ट

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर में बुधवार को भाजपा के महा जन संपर्क अभियान के तहत टिफिन बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ वर्षों का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है। सरकार की इन नौ वर्षों की उपलब्धि को आम जन तक पहुंचाने के लिए घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर उन्हें समझाना होगा ताकि जनता भाजपा की नीतियों के साथ जुड़ें और अपना समर्थन दें। भाजपा जिला कार्यालय में हुई टिफिन बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता घर-घर संपर्क अभियान में पूर्ण मनोयोग से जुड़ें। पार्टी का उद्देश्य विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यमों से कार्यकताओं में नेतृत्व करने की क्षमता का विकास करना है।



हमारा कार्यकर्ता हर क्षेत्र में आगे रहे। कार्यकर्ता समर्पण भाव से पार्टी संगठन को मजबूत बनाने में अपना सहयोग दे।उन्होंने कार्यकताओं से सरकार के कार्यों और संगठन के कार्यों का फीड बैक भी लिया।
भाजपा के जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी ने कहा कि कार्यकताओं को सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना होगा ताकि जनता इनका लाभ ले सके और जनता का सीधा जुड़ाव भाजपा से हो सके।
बैठक में जिला सहसंयोजक विनोद कनवासी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष हरक सिंह नेगी, नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदन बिष्ट, गढ़वाल संयोजक महिला मोर्चा चंद्रकला तिवारी, विरेंद्र फरस्वान, महेन्द्र राणा, बल्लभ थपलियाल, राजेंद्र हटवाल आदि मौजूद थे।

# भाजपा महा जनसम्पर्क अभियान का तीसरा चरण प्रारंभ : खिलेन्द्र चौधरी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यक्रम और महाजनसम्पर्क अभियान के माध्यम से निरंतर लोगों तक पहुंच रही है। अब अभियान का अंतिम चरण प्रारंभ होने वाला है। इसके लिए पार्टी पूरी तरह तैयार है।
भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं महा जनसम्पर्क अभियान के संयोजक खिलेन्द्र चौधरी ने बुधवार को बताया कि अब तीसरे चरण में घर-घर सम्पर्क किया जाएगा।
भाजपा महामंत्री ने बताया कि महा जनसंपर्क अभियान के अंतिम चरण में प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर एक एक बड़ी रैली होनी है, जिसको लेकर संगठन स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई है। रैली कहां होगी किस तिथि में होगी, इस पर भी मुहर लग चुकी है।



इस महारैली के संबंध में महा जनसंपर्क अभियान के प्रदेश संयोजक प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया माह के अंत में 27, 28, 30 जून को सभी पांचों लोकसभा सीटों पर यह रैलियां की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इन रैलियों में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उपस्थित रहेंगे। इतना ही नहीं केंद्र से भी इस संदर्भ में अनुरोध किया गया है कि केंद्रीय नेतृत्व प्रतिनिधि भी इन महारैलियों में शामिल हों ताकि महारैलियों का प्रवाह और तेज हो।उन्होंने कहा कि इन रैलियों में राष्ट्रीय नेतृत्व भी मौजूद रहे ऐसी संगठन की अपेक्षा है। तिथि की जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री खिलेन्द्र चौधरी ने बताया कि 27 जून को टिहरी लोकसभा क्षेत्र में विशाल रैली होगी। इसी क्रम में 28 जून को पौड़ी और हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र के गोपेश्वर व रुड़की में रैली प्रस्तावित की गई है। कुमाऊं मंडल के बारे में खिलेन्द्र ने बताया कि अल्मोड़ा लोकसभा क्षेत्र मैं 30 जून को बागेश्वर में और नैनीताल लोकसभा क्षेत्र में भी 30 जून को विशाल रैली का आयोजन सुनिश्चित हुआ है।
इस पूरे महा संपर्क अभियान के संबंध में भाजपा प्रदेश महामंत्री महा जनसंपर्क अभियान के प्रदेश संयोजक खिलेंद्र ने बताया की 29 मई से शुरू हुए इस अभियान के तहत अभी तक प्रेस वार्ता, टिफिन कैबिनेट, मोर्चों के सम्मेलन रैलियां पदाधिकारियों के साथ बैठकर प्रबुद्धजन के साथ बैठक आदि कार्यक्रम किए गए।
20 जून से 30 जून के बीच महा जनसंपर्क अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारियों प्रतिनिधियों के द्वारा घर घर जाकर संपर्क स्थापित कर केंद्र सरकार और राज्य सरकार की उपलब्धियों के बारे में वार्ता की।
इसी क्रम में पत्रक वितरित करना झंडा स्टीकर लगाना साथ ही मिस कॉल देकर पार्टी के साथ जोड़ने का कार्यक्रम 30 जून तक प्रस्तावित है। भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर प्रत्येक घर में जाकर महा जनसंपर्क स्थापित कर रहे हैं।

# शहर की गतिशीलता में सुरक्षित, समावेशी और सतत नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 9 मिलियन डॉलर ग्लोबल सिटी चैलेंज की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिा/देहरादून।**
टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन ने चैलेंज वर्क्स और वर्ल्ड रिसोर्सेस इंस्टीट्यूट के साथ साझेदारी में 9 मिलियन डॉलर ग्लोबल सिटी चौलेंज की शुरूआत की है, जिसका उद्देश्य दुनिया भर में लाखों लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने की क्षमता के साथ शहरों को भविष्य के अनुकूल बनाने में मदद करना है। जैसे-जैसे शहरों का विकास होता है, लोगों और सामानों के विश्वसनीय, कुशल और समावेशी तरीकों से एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचने की चुनौतियाँ भी कम होती जाती हैं। इसके साथ ही, ट्रांसपोर्ट मोड्स, इंफ्रास्ट्रक्चर डिजाइन, संचालन, ऊर्जा विकल्प और कनेक्टेड डेटा सिस्टम्स में नवाचार अपनाने के अवसरों को ी गति मिलती है। सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज का उद्देश्य नौकरियों, शिक्षा और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुँच को न सिर्फ आसान बनाना है, बल्कि इसे बढ़ावा देकर लोगों के जीवन में सुधार भी करना है। यह गतिशील समाधानों को लागू करने के लिए शहरों और इनोवेटर्स को एक साथ लाएगा। ये समाधान कार्बन को कम कर सकते हैं, पहुँच में सुधार कर सकते हैं और सुलभ ट्रांसपोर्ट सिस्टम्स स्थापित करने के लिए डेटा का उपयोग कर सकते हैं। रेयान क्लेम, डायरेक्टर-प्रोग्राम्स, टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन, ने कहा कि पिछले एक दशक के हमारे अनुभव के अनुरूप, स्थानीय शहरों में हमारी गतिविधियों के साथ जुड़ाव के महत्व को विशेष रूप से गति मिली है। सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज के दौरान, हम नवाचार के समाधान खोजने के लिए उन शहरों के साथ जुड़ना जारी रखेंगे, जो भविष्य के अनुरूप शहरों के लिए एक स्केलेबल मॉडल विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

